एक नजर में

भूमिका सरवर ने राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगिता में किया प्रतिनिधित्व

कसरावद, निप्र। संत सियाराम इंटरनेशनल स्कूल, लोधी की छात्रा भूमिका पिता किशन सरवर ने ग्वालियर में आयोजित मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा कराते प्रतियोगिता में दिनाँक 3 अक्टूबर से 8अक्टूबर तक आपने इंदौर सम्भग का प्रतिनिधित्व किया भूमिका पिता किसन सरवर ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा कराते प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके ग्वालियर, भोपाल, और जबलपुर को मात देकर क्वाटर फाइनल तक आपनी जगह बनाई।इसमें खास बात यह है कि एसा करने वाली भूमिका पिता किसन सरवर आपनी आयु वर्ग 17 वर्ष में इंदौर संभाग की एक मात्र छात्रा थी। भूमिका की इस उपलब्धि पर समस्त इंदौर संभाग एवं खरगोन जिला एवं स्कूल के संस्थापक श्रीमती ममता जी गहलोत एवं श्री अंकित जी गहलोत एवं संस्था के प्राचार्य श्री प्रदीप जी शेरावत एवं उप प्राचार्य श्रीमती मेरी मुरियाडन एवं कराते कोच अश्विन आडतिया एवं समस्त स्कूल स्टाफ द्वारा भूमिका की इस उपलब्धि पर बधाई दी एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

पूजन-अर्चन के बाद सुंदरकांड पाठ का आयोजन

बड़वाह, निप्र। बड़वाह से करीब 3 किलोमीटर दूर वन क्षेत्र में स्थित जयंती माता मंदिर क्षेत्रवासियों के लिए आस्था का प्रतीक है। बुधवार को पूर्व पुजारी गुरु महाराज ब्रह्मलीन पंडित नारायण जी पांडे की 40 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर संत-महंत भी पहुंचे थे। इस अवसर पर मां जयंती का विशेष श्रृंगार किया गया था। सुबह पूजन-अर्चन के बाद सुंदरकांड का पाठ हुआ। आनन्देश्वर सुंदरकांड मण्डल की टीम ने भजनों की धुन पर भजन कीर्तन के साथ पाठ किया। दोपहर 12 बजे मां जयंती माता को भोग लगाया गया था। इसके बाद महाआरती हुई। इस दौरान पर सैंकड़ो भक्त मौजूद थे। आरती के बाद विशाल भंडारा शुरू हुआ। इस अवसर पर पूर्व सांसद कृष्ण मुरारी मोघे भी माँ जयंती माताजी के दर्शन करने के लिए पहुंचे थे।साथ ही भाजपा जिला महामंत्री महीम ठाकुर, नपाध्यक्ष राकेश गुप्ता, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष अंकित गुप्ता सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता मोजूद थे।सर्वप्रथम पंडित रामस्वरूप शर्मा एवं महेंद्र शर्मा ने महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 बालकदास जी महाराज, महंत टाटम्बरी सरकार, महंत हनुमान दास जी महाराज एवं संत-महंत एवं ब्राह्मणों को तिलक लगाकर भोजन करवाया गया। उल्लेखनीय है कि मां जयंती माता का स्थान प्राकृतिक और पौराणिक है, नर्मदा के उत्तर तट पर विंध्याचल की सघन पहाड़ियों के बीच स्थित जयंती माता का प्राचीन मंदिर आस्था का केंद्र बना हुआ है। घने जंगल के बीच स्थित इस मंदिर में दर्शन करने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। नवरात्रि में दर्शन करने वालों की संख्या अधिक रहती है।

प्राचीन नागेश्वर मंदिर के सौंदर्यीकरण की मांग

बड़वाह, निप्र। आगामी उज्जैन सिंहस्थ-2028 को दृष्टिगत रखते हुए बड़वाह के सुप्रसिद्ध प्राचीन एवं ऐतिहासिक धार्मिक स्थल नागेश्वर मंदिर के विकास और सौंदर्यीकरण हेतु विधायक सचिन बिरला ने मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्रसिंह लोधी को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में कहा गया है कि बड़वाह नगर का नागेश्वर मंदिर 20 फीट की गहराई में भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप में स्थित है।नागेश्वर मंदिर एवं मंदिर के चारों ओर स्थित पवित्र जल के चार कुंड न केवल निमाड़ क्षेत्र अपितु समूचे भारत के श्रद्धालुओं एवं नर्मदा परिक्रमावासियों की आस्था का केंद्र हैं। उज्जैन कुंभ मेले के आयोजन के दौरान बड़वाह के नागेश्वर मंदिर में भी श्रद्धालुओं की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि होना निश्चित है।बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नर्मदा परिक्रमावासी मंदिर परिसर में दर्शन एवं पूजन-अर्चन के उपरांत रात्रि विश्राम भी करते हैं। पत्र में मंदिर की दीवारों और परिसर पर मार्बल पत्थर लगाने, जल कुंडों की सफाई एवं सौंदर्यीकरण, रंगीन फव्वारों की स्थापना और आकर्षक रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था की मांग की गई है।

स्कूल के बाहर मध्यान्ह भोजन किचन के साइड में शराबियों का अड्डा

मंडलेश्वर। एम जी स्कूल के बाहर बने मिडिल स्कूल अतिरिक्त भवन और एम जी स्कूल के बीच में एक कमरे के आधार अपडेट केंद्र संचालित हो रहा है जबकि दूसरे कक्ष के मध्यान्ह भोजन बनाया जा रहा है। इन कमरों के बीच कुछ स्थान खाली पड़ा है जहां शराबी अपनी खाली बोतलें डिस्पोजल और प्लास्टिक के वेपर्स फेक कर गंदगी फैला रहे है।शाम होते ही यह क्षेत्र शराबी और नशेडियों का अड्डा बन जाता है जहां बड़ी संख्या में युवा नशा करते गांजा पीते चिलम लगाते देखे जा सकते है। यहां शराब पीने वाले शराब पीकर खाली बोतले स्कूल के किचन रुम के पीछे फेंक देते है।शराबी यहां सिर्फ बैठकर पीते और चले जाते तो शायद किसी को आपत्ति नहीं होती लेकिन वे यहां तोड़ फोड और चोरी भी कर रहे है। जिस किचन में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले स्व सहायता समूह द्वारा खाना बनाने का सामना रखा जाता है वो भी तीन हर बार चोरी हो चुका है। मां नर्मदा स्व सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती सुधा केवट ने बताया कि शराब के आदि हो चुके कुछ शराबी यहां तीन बार चोरी कर के सामान बेच चुके है बड़े बड़े तपेले कड़ाही प्लेट्स गैस की टंकी के अलावा गेहूं चावल भी चोरी हो चुके है।रात में ये शराबी हुड़दंग भी करते है यहां की प्लास्टिक की पाइप लाइन को भी जलाकर खराब कर दिया है दारू पीर अलाव ताप रहे थे इसलिए पाइप लाइन चार पांच फीट जल चुकी है।तीन बार पुलिस के भी शिकायत की जा चुकी है ।लेकिन समस्या का हल नहीं निकल रहा है।

दीपावली पर्व पर 18 से 23 अक्टूबर तक अनाज व कपास मंडियों में नीलामी कार्य रहेगा बंद

खरगोन, निप्र। समस्त किसान बंधुओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में अनाज मंडी में 18 अक्टूबर शनिवार से 23 अक्टूबर 2025 गुरुवार तक निलामी कार्य बंद रहेगा। मंडी का निलामी कार्य 24 अक्टूबर शुक्रवार को चालू रहेगा।इसके पश्चात 25 अक्टूबर शनिवार को बैंक अवकाश एवं 26 अक्टूबर रविवार शासकीय अवकाश होने से निलामी कार्य पुन: बंद रहेगा। इसी प्रकार कपास मंडी आनंद नगर खरगोन में भी 20 अक्टूबर सोमवार से 23 अक्टूबर गुरुवार तक निलामी कार्य बंद रहेगा। मण्डी सचिव श्रीमती शर्मिला निनामा ने सभी किसान बंधुओं से आग्रह है कि वे असुविधा से बचने के लिए इन निर्धारित तिथियों पर अपनी कृषि उपज विक्रय के लिए अनाज मंडी और कपास मंडी प्रांगण में न लेकर आएं।

उत्तर भारतीय अर्थशास्त्रियों के व्याख्यान के साथ वेबिनार संपन्न

नवभारत न्यूज़

मंडलेश्वर। विकसित भारत@ 2047 राष्ट्र निर्माण में शिक्षा युवा और नवाचार की भूमिका विषय पर आयोजित राष्ट्रीय वेबीनार में उत्तर भारतीय अर्थशास्त्रियों शासकीय डिग्री कॉलेज कुशीनगर उत्तराखंड के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ देवमणि त्रिपाठी और राजकीय महाविद्यालय अमोरी चम्पावत उत्तर प्रदेश के डॉ दिनेश कुमार गुप्ता द्वारा अपने व्याख्यानो में विकसित भारत का सफलतम रोड मैप दिखाया गया। जिसमें आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक एक विकसित भारत एक आर्थिक सम्पन्न भारत एक आत्मनिर्भर भारत की कल्पना की गई।जिस गति से आर्थिक सुधार जारी है लक्ष्य मुश्किल नहीं लगता है। भारत की सरकार ने जिस तरह के आर्थिक निर्णय लिए है जिस तरह से नवाचार किया है जिस तरह से युवा सोच और ऊर्जा का सदुपयोग किया जा रहा है अर्थशास्त्रियों को लगने लगा है कि 2047 तक भारत एक आर्थिक सम्पन्न विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बन जाएगा।भारत 2047 में प्रति व्यक्ति आय 18 से 20 हजार डॉलर का लक्ष्य हासिल करेगा यह लक्ष्य योजना सुशासन सतत् विकास और नवाचार पर आधारित है भारत के युवा इस परिवर्तन के प्रमुख प्रेरक और लाभार्थी होंगे देश का युवा ही देश को नई ऊंचाईयों पर ले जाने के लिए तत्पर है।

दीप जलाकर किया शुभारंभ, देश भर से जुड़े प्राध्यापक और शोधार्थी

राष्ट्रीय वेबीनार का शुभारम्भ आचार्य मंडन मिश्र शासकीय महाविद्यालय मंडलेश्वर के सभागार में बुधवार दोपहर 11 बजे प्राचार्य डॉ एम एस चौहान की अध्यक्षता और महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष एडवोकेट रामदास शर्मा के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्वलित के साथ हुआ।अतिथियों का स्वागत सह संयोजक डॉ धर्मेन्द्र सिंह वेबीनार के सचिव ग्रंथपाल दीपक यादव ने किया वेबीनार की संयोजक एवं महाविद्यालय की अर्थशास्त्र विभाग की प्रोफेसर चेतना सिद्धड ने स्वागत भाषण में कहा कि मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस वेबीनार का आयोजन किया गया है जिसमें गुगल मीट के माध्यम से देश भर के अर्थशास्त्री और शोध छात्र जुड़े है।इस अवसर पर प्रो राजगुरु पाटीदार डॉ मुकेश साठे, डॉ एस एस ठाकुर डॉ प्रवीर पांडेय डॉ आरती सुगंधी, डॉ ओ एस परिहार डॉ संतोष बर्डे प्रो जी एस परमार सहित प्राध्यापक स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे आभार सह संयोजक डॉ धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने माना।

नर्मदा तट पर चलाया स्वच्छता अभियान

कसरावद, निप्र। निमाड़ अभ्युदय युवा समूह कसरावद के युवाओं ने आज नर्मदा घाट नवड़ातोड़ी पर एक महत्वपूर्ण स्वच्छता अभियान चलाया और स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान युवाओं ने घाट पर जमा कचरा और प्लास्टिक कचरा इकट्ठा कर उसे उचित तरीके से निपटाया।

कार्यक्रम के मुख्य बिंदु

- स्वच्छता अभियान- युवाओं ने नर्मदा घाट पर साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने घाट के आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिए विशेष प्रयास किया।
- प्लास्टिक मुक्ति- प्लास्टिक कचरा इकट्ठा कर उसे नष्ट करने का संकल्प लिया गया। युवाओं ने प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाई।
- युवाओं ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और नर्मदा घाट को स्वच्छ रखने का आग्रह किया। उन्होंने लोगों को अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया।
- निमाड़ अभ्युदय युवा समूह कसरावद के इस प्रयास की सराहना करते हुए वहाँ स्नान करने आए लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से ही हम अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बना सकते हैं। उन्होंने युवाओं को आगे भी ऐसे कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया।
- कार्यक्रम में शामिल युवाओं में प्रवीण, कपिल, श्याम, तनीषा, हर्षिता, मेघा, नेहा, बस्कर, रजनी, जया आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

शीतलामाता मंदिर समिति अध्यक्ष पद पर अमरदीप कौर कपूर का मनोनयन

नवभारत न्यूज़

सनावद में स्थित शीतलामाता मंदिर की संचालन समिति में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है। सुप्रसिद्ध योग प्रशिक्षिका अमरदीप कौर कपूर को समिति का अध्यक्ष पद सौंपा गया है। यह निर्णय महंत रामकिंकरजी महाराज के प्रस्ताव पर आधारित था, जिसे समिति के सभी सदस्यों ने एकमत से स्वीकार कर लिया।

नियुक्ति समारोह का विवरण: प्रस्ताव और अनुमोदन-महंत रामकिंकरजी महाराज ने अमरदीप कौर कपूर का नाम अध्यक्ष पद के लिए प्रस्तुत किया। समिति सदस्यों ने इसे सहर्ष अनुमोदित किया। पदासीन करने की प्रक्रिया- महंत जी और आचार्यों ने मंत्रोच्चार के बीच कपूर को औपचारिक रूप से पद पर आसीन किया। उन्हें चुनरी ओढ़ाई गई और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कपूर का संकल्प- नियुक्ति के बाद अमरदीप कौर कपूर ने आश्वासन दिया कि समिति के सभी सदस्य मिलजुलकर मंदिर की व्यवस्था सुचारू रूप से संभालेंगे। साथ ही, समय-समय पर धार्मिक अनुष्ठान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, ताकि मंदिर श्रद्धालुओं का आस्था केंद्र बना रहे।

समिति सदस्यों ने दी शुभकामनाएं

अमरदीप कौर कपूर की इस नियुक्ति पर समिति की महिला सदस्यों ने उत्साह व्यक्त किया है। प्रमुख सदस्यों में शामिल हैं :- आरती पाटील, सुषमा एरन, सरला अग्रवाल, कुमुद अग्रवाल, ज्योति राठौर, वंदना अजमेरा, अलका अग्रवाल, प्राणोती संत, अंजना सज्जन, बरखा चौधरी, मालती, मीना, मंदा रावेरकर, विष्णुकांता चौखड़ा, दीपिका श्रीवास्तव, सरिता पटेल, जयश्री मोरान्या, दीपिका वर्मा, बसंती राठौर, लक्ष्मी दशोरे, सुधा सोनी, कविता, सीताराम इंगला यह नियुक्ति मंदिर समिति के लिए एक नया अध्याय खोलती है, जहाँ योग और आध्यात्मिकता का समावेश मंदिर की गतिविधियों को और समृद्ध करेगा। सनावद के निवासियों और श्रद्धालुओं द्वारा इस निर्णय का स्वागत किया जा रहा है, जो मंदिर की परंपराओं को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगा।

13 खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिए घी, तेल, चॉकलेट के नमूने

खरगोन, निप्र। दीपावली के त्यौहार को देखते हुए एक बार फिर स्वास्थ्य अमला मिलावटी, दुषित खाद्य सामग्री बिक्री रोकथाम के लिए सक्रिय हुआ है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने शहर के विभिन्न दुग्ध एवं दुग्ध से बने उत्पादों सहित अन्य खाद्य पदार्थों के प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर 13 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए है।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एचएल आवास्या ने बताया कि निरीक्षण के दौरान शहर में शारदा ट्रेडर्स जवाहर मार्ग से घी के दो नमूने, संजय कुमार कन्यालाल गुजराती जवाहर मार्ग से तीली का तेल, बादाम, अंजीर एवं खोपराबुरा के नमूने, मंयक मार्केटिंग विष्णुपूरी कॉलोनी से घी एवं चॉकलेट के नमूने तथा श्री वैष्णवी किराना टेमला रोड से सोयाबीन तेल, घी एवं कोल्ड ड्रिंक के नमूने एकत्रित किए है इसी प्रकार जयद श्रीश्याम केटर्स जैतापुर से मावा बर्फी एवं मावा मिठाई, रेषभ दूध डेयरी मोतीपुरा, जगदंभा दूध डेयरी, मोतीपुरा तथा महाजन दूध डेयरी, दांगी से दूध के नमूने लेकर प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजे गए। इसी प्रकार जैन नमकीन माताचौक बिस्टान से सोयाबीन तेल, सेव एवं मावा मिठाई, न्यू सांवरिया राजस्थान स्वीट्स, बेडिया से पिस्ता बर्फी, मलाई बर्फी एवं मावा, प्राची कोल्ड ड्रिंक एंड दूध भंडार सनावद से दूध, बालाजी रेस्टोरेंट सनावद से बेसन तथा नटखट मावा भंडार, सनावद से रसगुल्ला एवं मावा के नमूने एकत्रित किए गए। एकत्रित किये गए सभी नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। परीक्षण उपरांत प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने महेश्वर में किया मां नर्मदा का पूजन-अर्चन

खरगोन, निप्र। इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने 15 अक्टूबर को महेश्वर प्रवास के दौरान नर्मदा रिट्रीट पर्यटन होटल के नीचे घाट पर मां नर्मदा का पूजन-अर्चन किया। इसके पश्चात उन्होंने नाव के माध्यम से सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर प्रस्तावित निर्माण कार्यों की जानकारी ली तथा प्राचीन मंदिरों व ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन पर अधिकारियों से चर्चा की। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने नर्मदा तट स्थित प्राचीन ज्वालेश्वर मंदिर में दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने महेश्वर में चल रहे अहिल्या लोक निर्माण कार्यों की संभागायुक्त को दी। इस दौरान उन्होंने नगर से लगभग 6 किलोमीटर दूर स्थित सहस्त्रधारा पर्यटन स्थल का भी अवलोकन किया एवं श्री दत्त मंदिर में दर्शन किए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकास सिंह, एसडीएम सुश्री पूर्वा मण्डलोई सहित अन्य आधिकारी उपस्थित थे।

एक नजर में

नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत, घोष वादन और अनुशासित कदमताल ने बांधा समा

शताब्दी वर्ष की गूंज : छोटी कसरावद में संघ का अनुशासन व उत्साह से परिपूर्ण भव्य पथ संचलन

नवभारत न्यूज़

कसरावद। विजयादशमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा छोटी कसरावद में आयोजित पथ संचलन अद्वितीय उत्साह, अनुशासन और भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर सैकड़ों स्वयंसेवक एकरूप वेशभूषा में कदमताल मिलाकर ग्राम की प्रमुख सड़कों से गुजरे, जिनका जगह-जगह समाजजनों ने पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉक्टर साहब और गुरुजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं शस्त्र पूजन से हुआ।

इसके पश्चात अनुशासित कदमताल और घोष वादन की ऊर्जावान धुनों ने नगर का वातावरण ओजपूर्ण बना दिया।

स्वयंसेवकों की एकजुट चाल और घोष की गूंज देखते ही बनती थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सुरेंद्रसिंह राठौर समाजसेवी भिलगाव मंचासीन रहे। मुख्य वक्ता मोहन जी प्रजापति (खरगोन जिला बौद्धिक प्रमुख) ने संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज में राष्ट्रीय चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों और अनुशासन की भावना जागृत करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रत्येक स्वयंसेवक और नागरिक को भारत को पुन: विश्वगुरु बनाने का संकल्प लेना होगा। पथ संचलन के दौरान नगर के विभिन्न वर्गों - व्यापारीगण, महिलाएं, बच्चे और संस्थाओं ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। नागरिकों ने कहा कि ऐसा अनुशासन, एकता और आत्मबल का दृश्य समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायी है।

कार्यक्रम का समापन शासकीय विद्यालय परिसर में हुआ। उल्लेखनीय संख्या में स्वयंसेवकों की सहभागिता और समाज के सभी वर्गों से मिले समर्थन ने यह स्पष्ट कर दिया कि संघ के शताब्दी वर्ष में संगठन की जड़ें और भी सुदृढ़ हो रही हैं।